प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- केंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर नियंत्रण के लिए लागू किया कड़ा कानून, पेपर लीक में पकड़े जाने पर 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान।।

2- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपरिहार्य कारणों से 25 से 27 जून के बीच होने वाली संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित की।।

3- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ की बजट पूर्व चर्चा, जीएसटी की 53वीं बैठक की भी करेंगी अध्यक्षता।

4- झारखंड में मानसून की हलचल तेज, नौ जिलों में बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग के अनुसार चार दिनों में पूरे राज्य में दिखेगा असर।

******************

केंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। इसमें दोषियों को अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। आधिकारिक गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कानून के प्रावधान आज से लागू हो जायेंगे।

******************

संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट परीक्षा को अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होने वाली थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बाद में घोषित किया जाएगा।

******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कल प्रोजेक्ट भवन में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 'गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल लांच किया। इससे विद्यार्थियों को सरकार द्वारा चयनित बैंकों से अधिकतम चार प्रतिशत की ब्याज दर पर 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण मिल सकेगा।

******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने लघु, कुटीर और ग्रामोद्योगों को बढ़ावा देने का पर जोर दिया है। कल रांची में उद्योग विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे–छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़कर गरीबों, किसानों और जरूरतमंद लोगों की आय में वृद्धि लायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने झारक्राफ्ट और खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाएं। मुख्यमंत्री ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, जियाडा की कार्य प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

******************

चतरा जिले में खनन विभाग ने पिछले दो महीनों में 120 करोड़ 58 लाख 82 हजार रुपए राजस्व की वसूली की है। जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने राजस्व वसूली के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 22 करोड़ 51 लाख रुपए से अधिक राजस्व की प्राप्ति हो चुकी है। राजस्व वसूली में सबसे अधिक योगदान कोयले का रहा है।

******************

आकांक्षी जिला गुमला में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए केन्द्रीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*****************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। कल वित्त मंत्री ने किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श किया था। इससे पहले, वे वित्तीय और पूंजी बाजार क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञों, उद्योगपतियों और औद्योगिक संघों के साथ–साथ प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ भी इस तरह के परामर्श कर चुकी हैं।

*****************

केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारामण आज नई दिल्ली में 53वीं जीएसटी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। नयी सरकार के गठन के बाद यह जीएसटी परिषद की पहली बैठक है। जीएसटी परिषद की आखिरी बैठक पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हुई थी। इस दौरान परिषद ने कई निर्णय लिए थे। जीएसटी परिषद ने प्रस्तावित जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की शर्तों में पात्रता और आयु के संबंध में संशोधन की सिफारिश की थी। परिषद ने बाजरे के आटे से तैयार भोजन पर भी शून्य दर की सिफारिश की थी। परिषद ने गुड़ पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का भी निर्णय लिया था।

*****************

देवघर से वाराणसी के लिए एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। रेल अधिकारियों ने बताया कि सावन से पहले इस ट्रेन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुभारंभ करेंगे। यह ट्रेन तीन महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों बाबा बैद्यनाथ मंदिर, गया के विष्णुपद मंदिर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर को जोड़ेगी।

*****************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि पेयजल और शिक्षा जैसी समस्याओं का समाधान उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। वे आज गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आने वाले चार महीने में जनता से किये वादे को पूरा करना है।

*****************

झारखंड हाई कोर्ट में देवघर में दर्ज केस को निरस्त करने का आग्रह करने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर कल सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब के लिए फिर से समय की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार पर एक हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस केस को निरस्त करने का आग्रह निशिकांत दुबे की ओर से हाई कोर्ट में किया गया है।

*****************

हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने धावादल के साथ कई होटलों और ढाबों में छापेमारी कर चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और बाल कल्याण समिति के सदस्य शामिल थे।

*****************

पूरे राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा विशेष अभियान की शुरुआत की गयी है। इस सिलसिले में रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे ने न्यायालय कर्मियों को नशा का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी।

*****************

पटना के जक्कनपुर थाना की पुलिस ने क्षेत्र की एक युवती से धोखाधड़ी कर 17 लाख रुपये ठगी करने वाले आरोपी को देवघर से गिरफ्तार किया है। आरोपी गौतम मृणाल बिहार के जमुई जिला का रहने वाला है। बताया जाता है कि जक्कनपुर की युवती से उसकी दोस्ती शादी डॉट कॉम पर हुई थी। उसने युवती से अपने पिता का इलाज कराने का झांसा देकर करीब 17 लाख रुपये ठग लिए और बाद में दूरी बना ली।

*****************

आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप में आज शाम एंटीगुआ के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में सुपर आठ मुकाबलों में भारत और बांग्लादेश का मैच होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। आकाशवाणी इस मैच की लाइव कमेंट्री करेगा।

*****************

संताल परगना के पाकुड़ और साहिबगंज के रास्ते कल मानसून ने झारखंड में दस्तक दी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून अगले तीन–चार दिनों में पूरे राज्य को कवर कर लेगा। इस दौरान कहीं–कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

*******समाप्त*********